Synergy

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जनवरी – फरवरी 2011

सीईओ की कलम से

प्रिय उपभोक्ता,

नया साल मुबारक हो। बीआरपीएल की ओर से, आपको और आपके परिवार के सभी सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए, मुझे हार्दिक खुशी हो रही है। हम 2011 में चुनौतियों, जीत, सीख और बदलावों की एक नई यात्रा शुरू रहे हैं। 2011, जो सिर्फ एक साल ही नहीं है, बल्कि एक दशक की शुरूआत भी है।

2010 दिल्ली और खासकर बीआरपीएल के लिए आयोजनों भरा साल रहा। इस साल दिल्ली ने 19वें कॉमनवेल्थ गेम्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बीआरपीएल ने बीवाईपीएल के साथ मिलकर मेजबान डिस्कॉम की भूमिका निभाई। और, भारत के अब तक के सबसे बड़े खेल आयोजन में बिजली गुल होने की एक भी घटना न होने देने की चुनौतियों पर खरी उतरी।

2010 में भयानक गर्मियां पड़ीं और हर दूसरा दिन अपने आप में एक नया रेकॉर्ड बनाने पर तुला हुआ था। जून में तो स्थिति ऐसी आ गई कि दिल्ली की पीक बिजली डिमांड 4720 मेगावॉट पहुंच गई। यह अब तक की, दिल्ली की सर्वाधिक मांग थी – 2009 में बिजली की जितनी सर्वाधिक मांग थी, उससे 8 प्रतिशत ज्यादा। बिजली कंपनी को मिलने वाली बिजली की कीमतों में जुलाई 2008 से लेकर अब तक, हालांकि, 142 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, लेकिन इन सबके बावजूद आपकी बिजली कंपनी, बिजली की इस मांग को पूरा करने को प्रतिबद्ध थी। हमने बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की और 99.7 प्रतिशत की सप्लाई–विश्वसनीयता कायम की। हम जानते हैं कि कुछ पॉकेट्स ऐसे हैं, जहां अभी भी बिजली आपूर्ति और नेटवर्क में सुधार की जरूरत है। हमें इस बात का भरोसा है कि हम जल्द ही यह काम भी कर लेंगे ताकि वहां भी गुणवत्तायुक्त निर्बाध सेवाएं दे सकें।

2011 में हमारा फोकस होगा सप्लाई साइड मैनेजमेंट और साथ ही आउटेज मैंनेजमेंट सिस्टम (ओएमएस) और स्काडा इंटरफेस में भी सुधार लाने पर हमारा जोर रहेगा। ताकि तमाम उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलें, इसके लिए कर्मचारियों के मोराल, मोटिवेशन और ट्रेनिंग आदि में बढ़ोतरी पर ध्यान दिया जाएगा। हमारा फोकस उपभोक्ताओं/ शेयरधारकों की संतुष्टि के स्तर को बढ़ाकर उसे एक नई ऊंचाई प्रदान करने पर भी रहेगा। हम सिस्टम्स तथा प्रक्रियाओं को और मजबूत व सरल बनाएंगे, नई टेक्नोलॉजीस लेकर आएंगे और आईटी व कस्टमर केयर में नवीनतम चीजों को शामिल करेंगे।

आपको बेहतर सेवाएं देने, चौबीसों घंटे व सातों दिन गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, और आपके साथ अपने संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने का हम संकल्प लेते हैं। आखिर में, मैं सभी उपभोक्ताओं से बिजली बचाने की अपील करता हूं, ताकि ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभावों को कुछ कम किया जा सके।

गोपाल के सक्सेना

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

हम सुन रहे हैं ... डायल करें बीआरपीएल – 399–99–707

मुख्यमंत्री ने रवाना की, बीआरपीएल की एड्स जागरूकता रैली

विश्व एड्स दिवस की पूर्वसंध्या पर बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड ने एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्कूली छात्रों की एक रैली आयोजित की। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने इस रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में एनपी को–एड सेकंडरी स्कूल, तिलक मार्ग के 300 से अधिक बच्चों ने राजपथ पर मार्च किया। उनके हाथों में एड्स और इस बीमारी से पीड़ित लोगों के बारे में स्लोगन लिखे बैनर थे।

बीएसईएस को मिला इंडिया पावर अवॉर्ड

काउंसिल ऑफ पावर युटिलिटीज द्वारा प्रमोटेड तीसरा इंडिया पावर अवॉर्ड इस बार बीएसईएस बिजली कंपनियों को मिला है। ओवरऑल युटिलिटी परफॉर्मेंस – अरबन एरियाज की श्रेणी में यह अवॉर्ड दिया गया है। 11 नवंबर को श्री गोपाल सक्सेना ने बीआरपीएल की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

भारत सरकार के इंडिया स्मार्ट ग्रिड टास्क फोर्स में बीआरपीएल सीईओ भी

बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना को भारत सरकार द्वारा गठित इंडिया स्मार्ट ग्रिड टास्क फोर्स के वर्किंग ग्रुप 3 के सदस्य के रूप में चुना गया है। वर्किंग ग्रुप 3, ग्रामीण इलाकों में बिजली मुहैया कराने और शहरी क्षेत्रों में बिजली की विश्वसनीयता व गुणवत्ता के मामले पर फोकस करेगा।

इसका नेतृत्व सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के चेयरमैन कर रहे हैं। आरईसी के सीएमडी इसके को – चेयर हैं। इसके दूसरे सदस्य हैं – बेस्कॉम के सीएमडी, पीजीवीसीएल वड़ोदरा के सीएमडी, डब्ल्यूबीएसईडीसीएल के सीएमडी और डीपीएंडडी सीईए के चीफ इंजीनियर।

भारत सरकार ने सैम पित्रोदा के नेतृत्व में इंडिया स्मार्ट ग्रिड टास्क फोर्स का गठन किया था। पित्रोदा पब्लिक इंफर्मेशन एइंफ्रास्ट्रक्चर एंड इनोवेशन पर माननीय प्रधानमंत्री के सलाहकार हैं। टास्क फोर्स का गठन इसलिए किया गया ताकि स्मार्ट और इंटेलिजेंट ग्रिड तकनीक का विकास और उसकी तैनाती की जा सके, जिससे कि भारत को इस फील्ड में विश्व की एक नेतृत्वकारी शक्ति बनाया जा सके।

सुरक्षा व दिमागी सुकून के लिए ईएलसीबी लगवाएं

हमारे मूल्यवान ग्राहक, जिनका बिजली लोड 5 किलोवॉट या उससे अधिक है, उनसे हम अनुरोध करते हैं कि वे, भारतीय बिजली नियम 1956 की धारा 61ए और डीईआरसी दिशानिर्देशों के तहत, अपने यहां अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) लगवा लें।